खबर संक्षेप

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत भौतरा में किया गया बोरी बंधान

उमरिया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत भौतरा के अहिरबुढा नाला में जन अभियान परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नाला से कचरा निकाला गया साथ ही जल संरक्षण हेतु जल को रोकने हेतु बोरी बंधान कर श्रमदान किया गया । श्रमदान में ग्राम पंचायत भौतरा सरपंच लाल बहादुर सिंह,सचिव चमन सिंह ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से ध्यान सिंह, लाल सिंह सुरेश बैगा, पुष्पेंद्र सिंह परामर्शदाता अर्चना मिश्रा बी एसडब्ल्यू छात्र वीरेंद्र सिंह , धर्मेंद्र सिंह रामबाई सिंह, कुशल सिंह, तेजराज सिंह शिवकुमार सिंह, उपसरपंच ज्योति केवट उपस्थित रहे।

नरवाई को जलाये नही बल्कि उसका जैविक खाद बनाकर पुनः खेतो में करें उपयोग

उमरिया। कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया के कृषि वैज्ञानिक डा धनंजय सिंह ने बताया कि बहुत से किसान कार्बाइन हारवेस्टर से फसल की कटाई करते है तो अवशेष खेतो में पडा रह जाता है । बहुत से किसान जायद की फसल बोना चाहते है लेकिन नरवाई के कारण बो नही पाते है, जिससे किसान नरवाई में आग लगा देते है । उन्होने बताया कि नरवाई जलाने से धुंआ निकलता है, जिससे वायुमंडल में प्रदूषण फैलता है। खेत में जैव विविधता खत्म हो जाती है और सूक्ष्म जीव जलकर खत्म हो जाते हैं। नरवाई में आग लगाने से भूमि में रहने वाले लाभकारी बैक्टीरिया, सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण उत्पादन क्षमता कम हो जाती है। कृषि वैज्ञानिक डा धनंजय सिंह ने जिले के समस्त किसानों को सलाह दी है कि नरवाई को जलाएं नही बल्कि जैविक खाद बनाकर उसका पुनः खेतो में उपयोग करें जिससे मिट्टी को सभी पोषक तत्व मिलेगे और फसल भी अच्छी प्राप्त होगी ।

मायभारत पोर्टल पर जलदूत वालंटियर के रूप में कराए पंजीयन

अनुपपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जन भागीदारी को दृष्टिगत रखते हुए माय भारत पोर्टल के माध्यम से वालंटियर जल दूत का पंजीयन किया जा रहा है। जल दूत वॉलिंटियर के रूप में सभी सहयोगिजन पंजीयन कर सकते हैं इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ट शर्मा ने बताया है कि अभियान में सहयोगी बनने सभी लोग माय भारत पोर्टल https://mybharat.gov.in/ के माध्यम से जलदूत वॉलिंटियर का पंजीयन सरलता से कर सकते हैं। पंजीयन पश्चात डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त होता है। पंजीकृत वालंटियर जलदूतों से अपील की गई है कि वह पंजीयन पश्चात पोर्टल पर जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों के फोटोग्राफ भी पोर्टल पर अपलोड कर अभियान के प्रचार-प्रसार कर हिस्सा बन सकते हैं।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 8 व 9 अप्रैल को

नरसिहंपुर। सांसद चौ. दर्शन सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति- दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 8 व 9 अप्रैल को आयोजित की जायेगी। यह बैठक 8 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से और 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे से आयोजित होगी। कलेक्टर एवं सदस्य सचिव जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ने बताया कि 8 अप्रैल को ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण, पंचायती राज, आवास और शहरी मामले- जिला शहरी विकास अभिकरण, मप्र विद्युत वितरण कंपनी नरसिंहपुर, जिला सहकारी समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता एवं भूमि एवं संसाधन विभाग की समीक्षा की जायेगी। इसी तरह 9 अप्रैल को शिक्षा, खनिज, एनटीपीसी गाडरवारा, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, युवा मामले और खेल, श्रम एवं रोजगार- ई श्रम पोर्टल, मंडी से संबंधित एवं वन विभाग की समीक्षा की जायेगी।

चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत

डिण्डोरी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिंडौरी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरण पर कार्रवाई करते हुए 4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक सुन्दरलाल सोनवानी पिता बाबूलाल सोनवानी निवासी ग्राम नुनखान की नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पुत्र दालचंद, कुलदीप एवं पुत्री यज्ञवती पिता सुन्दर लाल को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

किसानों को फसलों का शासन द्वारा निर्धारित उचित मूल्य दिलाएं अधिकारीः कलेक्टर

शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करें अधिकारी

पीपुल्स प्रवक्ता, अनुपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अनूपपुर जिले के किसानों को फसलों का शासन द्वारा निर्धारित उचित मूल्य दिलाने के निर्देश मंडी सचिव एवं मंडी इंस्पेक्टर्स को दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के ज्यादा से ज्यादा किसानों का रजिस्ट्रेशन कराया जाए तथा उनके फसल का उचित मूल्य दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने कहा है कि कृषि उपज मंडी अनूपपुर के अधिकारी शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन का पालन अक्षरशः करें। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में कृषि उपज मंडी अनूपपुर के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से कृषि उपज मंडी की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने

मंडी में किसानों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय इत्यादि के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि कृषि उपज मंडी में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े, इस बात का अधिकारी विशेष ध्यान रखें। बैठक में कलेक्टर ने खाद्यान्न के अवैध परिवहन पर कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की तथा ज्यादा से ज्यादा कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि खाद्यान्न के अवैध परिवहन पर कार्यवाही कर तत्काल थाना पहुंचकर एफआईआर भी दर्ज कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी के फार्म गेट पोर्टल पर ज्यादा से ज्यादा किसानों के पंजीयन करने के निर्देश दिए तथा एफएक्यू के निर्धारित मापदंडों का पालन करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसानों और व्यापारियों के बीच समन्वय स्थापित कराते हुए किसानों से शासन द्वारा निर्धारित उचित मूल्य पर ही फसल क्रय किया जाए। कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी में तौल कांटा का सत्यापन नापतौल विभाग से करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जंगली हाथियों के मॉनिटरिंग एवं सुरक्षा के लिए राजस्व, वन एवं पुलिस संयुक्त रूप से करें समन्वित प्रयासः कलेक्टर

पीपुल्स प्रवक्ता, अनुपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि अनूपपुर जिले में जंगली हाथियों का मूवमेंट समय-समय पर होता रहता है। हाथियों के मूवमेंट वाले ग्रामों में जंगली हाथियों के मॉनिटरिंग एवं ग्रामीण के सुरक्षा हेतु राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से समन्वित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जंगली हाथी के मूवमेंट से होने वाले जान माल की सुरक्षा तथा फसल नुकसान से बचाव हेतु राजस्व, वन एवं पुलिस के अधिकारियों की ड्यूटी ज्यादा संख्या में लगाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जंगली हाथियों के मूवमेंट से होने वाले नुकसान का तत्काल सर्वे कर जल्द से जल्द मुआवजा राशि का भी भुगतान कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जिले में हाथियों के विचरण के दौरान सुरक्षा एवं सावधानी के संबंध में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, वन मंडलाधिकारी अनूपपुर विपिन पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी वन अंशुल तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी जैतहरी श्रीमती अंजली द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा अजीत तिर्की, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल सहित वन विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में हाथियों का विचरण है, वहां सुरक्षित शासकीय भवन चिन्हित कर लिया जाए, जिससे भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर ग्रामीणों को सुरक्षा हेतु वहां शिफ्ट किया जा सके। इसी प्रकार कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों को हाथियों से बचाव हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाथियों के विचरण क्षेत्र में कोई स्थान चिन्हित कर हाथियों के लिए भोजन का प्रबंध करने की पहल की जाए तथा उन्हें भोजन प्रदान किया जाए, यह एक प्रभावी कदम हो सकता है जिससे हाथी गांव की ओर विचरण न करें। इसी प्रकार बैठक में कलेक्टर ने हाथियों के मूवमेंट के संबंध में अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अवैध रेत उत्खनन पर पुलिस का शिकंजा, ब्यौहारी और केशवाही में तीन ट्रैक्टर जब्त

पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।

जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार ब्यौहारी और केशवाही पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन ट्रैक्टर जब्त कर, आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। बुधवार को रात्रि गश्त के दौरान ब्यौहारी थाना पुलिस को सूचना मिली कि भोगिया तिराहा के पास एक बिना नंबर का ट्रैक्टर रेत लोड कर परिवहन कर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही चालक भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। चालक ने अपना नाम राजेश कोल (पिता दलबल कोल, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम बरकछ, थाना ब्यौहारी) बताया और स्वीकार किया कि ट्रैक्टर मालिक नवीन गुप्ता (निवासी ब्यौहारी) के कहने पर झरप नदी से रेत भरकर ब्यौहारी ले जा रहा था। उसके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे, जिसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर और रेत लदी ट्रॉली जब्त कर अपराध पंजीबद्ध किया। इसी तरह, एक अन्य कार्रवाई में सीएचसी ब्यौहारी के पास भी एक बिना नंबर का ट्रैक्टर अवैध रेत परिवहन करते पकड़ा गया। चालक योगेंद्र कुमार बैंगा (पिता नरेंद्र प्रसाद बैंगा, उम्र 24 वर्ष, निवासी भमरहा प्रथम) ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक धीरज सिंह (निवासी न्यू बरौंधा) के कहने पर नौढ़िया नदी से अवैध रूप से रेत चोरी कर ब्यौहारी में बेचने ले जा रहा था।

कठना नदी से रेत लदा ट्रैक्टर जब्त

मंगलवार को केशवाही पुलिस को सूचना मिली कि कठना नदी, पकरिहा से अवैध रूप से रेत लोड कर एक ट्रैक्टर पकरिहा की ओर जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को पकड़ा, लेकिन चालक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर चालक सुखीलाल बैगा (पिता भैया लाल बैगा, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम पकरिहा) को पकड़ लिया। जब वाहन और रेत के दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने चालक और ट्रैक्टर मालिक विष्णुकांत शुक्ला (निवासी पकरिहा) के खिलाफ बीएनएस, एमवी एक्ट और खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर ट्रैक्टर जब्त कर लिया।

जिले के ब्यौहारी थाना पुलिस ने की नशे के खिलाफ कार्रवाई

50 हजार की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, आरोपी फरार

पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।

जिले के ब्यौहारी थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपए से अधिक कीमत की 58 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम चरका निवासी पंकज कुमार कोल अपने घर में अवैध रूप से शराब का भंडारण और बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पंकज कोल अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी ली, जहां से बैगपाइपर के 96 पाव, 8 पीएम के 28 पाव और सफेद प्लेन देशी मदिरा के 200 पाव (कुल 58 लीटर शराब, कीमत 50 हजार रुपए से अधिक) बरामद की गई। पुलिस ने पंकज कुमार कोल (पिता रामलखन कोल, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम चरका) के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। गौरतलब है कि जिलेभर में लाइसेंसी दुकानों के अलावा कई अन्य स्थानों पर भी अवैध रूप से शराब बेची जा रही है।

आबकारी विभाग को इसकी पूरी जानकारी होने के बावजूद कथित रूप से सेवा शुल्क के चलते कार्रवाई नहीं की जाती। सवाल यह भी उठता है कि यह शराब आखिर कहां से आई और किसने सप्लाई की क्या पुलिस या आबकारी विभाग इसकी जांच करेगा या मामला यहीं ठंडे बस्ते में चला जाएगा, यह देखने वाली बात होगी।

शासकीय आम रास्ते पर दबंग लोगों ने शौचालय निर्माण कर रास्ता बंद को हटाने में 8 माह लगे नगर परिषद को

जगदीश प्रसाद मंडले
पीपुल्स प्रवक्ता, बनखेड़ी।

बनखेड़ी जिला नर्मदा पुरम के अंतर्गत नगर परिषद बनखेड़ी में पदार्थ कर्मचारियों की घोर लापरवाही से वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह करने से बाज नहीं आते जिनकी कर शैली पर भी सवालिया निशान खड़े होते हैं मामला नगर परिषद बनखेड़ी के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 में अतिक्रमण धारी द्वारा जानबूझकर अपनी दबंगई से परिषद के कर्मचारियों की मिली भगत से बीच रास्ते में सेफ्टी टैंक निर्माण पिछले लगभग 7 से 8 माऐ बीत जाने के बावजूद भी रास्ते का अतिक्रमण नहीं हटा साकी वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा दिए गए आदेश को भी नगर परिषद बनखेड़ी में पदस्थ जिम्मेदार कर्मचारि राजस्व विभाग में पिछले कई वर्षों से पदार्थ हैं जिनके द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की बात भी जिम्मेदार अधिकारियों को गुमराह करने से चुके नहीं जिससे लगभग 7 से 8 माह बीत गए लेकिन उक्त अतिक्रमण नहीं हटा पाए लेकिन उक्त कार्रवाई विचार अधीन पर रही

तब अनु विभाग की अधिकारी राजस्व विभाग पिपरिया श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव द्वारा पिछले लगभग तीन से चार माह पूर्व में उक्त अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए थे इसके बावजूद भी जिम्मेदार कर्मचारी की लापरवाही से उक्त आदेश को दरकिनार करते रहे इस बात की जब अनुविभागी अधिकारी राजस्व विभाग पिपरिया को जानकारी लगते ही तत्काल वर्तमान के सीएमओ को भनक लगी और लगभग 2 घंटे में सांस की हम रास्ते में बना सेफ्टी टैंक से आवाजाही बाधित को तत्काल हटाकर उक्त रास्ता सुचारू रूप से संचालित की गई इस बात को लेकर आवाजाही रही गिरोह के द्वारा संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों का आदेश का सराहनीय करते नजर आए और दबंगों की दबंगई धारी की धरी रह गई इस संबंध में नगर परिषद बनखेड़ी के सीएमओ एवं अनुविभागी राजस्व अधिकारी पिपरिया श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि शासकीय भूमि पर अनावश्यक अतिक्रमण धारी को बक्सा नहीं जाएगा उक्त अतिक्रमण हटाने में मुझे कोई गराज नहीं है उन्होंने बताया कि आदि अनावश्यक जगह पर किसी व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किया गया है तो मुझे तत्काल अवगत करा सकते हैं जहां लोगों की आवाजाही में किसी बात की परेशानी हो रही है तो उन्होंने बताया कि मार्केट में भी रोड पर यदि किसी व्यक्ति ने अतिक्रमण कर अपना व्यवसाय भी कर रहे हैं और रोड को जाम कर रहे हैं जिससे आए दिन आवा खबर में आए दिन एक्सीडेंट होते हैं जिनको बचाने के लिए ओके सड़क पर अनावश्यक दुकानों का सामान रोड पर ना फैलाएं अन्यथा की स्थिति में उचित कार्रवाई करने में तनक भी परहेज नहीं करूंगे।

शादी का झांसा देकर किया पांच साल तक शोषण, मामला दर्ज

शहडोल। प्यार के नाम पर धोखा देने का एक और मामला सामने आया है, जहां उमरिया जिले की एक छात्रा को शादी का झांसा देकर 5 साल तक शारीरिक और मानसिक शोषण किया गया। जब शादी की बात आई, तो आरोपी मुकर गया। ठगी का एहसास होने पर पीड़िता ने परिजनों के साथ महिला थाना शहडोल में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि वह वर्ष 2019 में शहडोल में कॉलेज की पढ़ाई कर रही थी। उसी दौरान, उसके गांव का युवक प्रदीप, जो आईटीआई कर रहा था, से उसकी जान-पहचान हुई। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और फिर यह रिश्ता प्रेम में बदल गया। कुछ समय बाद प्रदीप ने शादी का वादा किया और भरोसे का फायदा उठाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि प्रदीप उसे अलग-अलग जगह बुलाकर दुष्कर्म करता रहा।

जन सहयोग भुसा खरीदी केंद्र एसडीएम के कथित प्रयासों से तहसील में पहली बार प्रारंभ

जगदीश प्रसाद मंडले
पीपुल्स प्रवक्ता, बनखेड़ी।

बनखेड़ी जिला नर्मदा पुरम के अंतर्गत विधानसभा क्रमांक 139 में पदस्थ एसडीएम श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव के प्रयासों से गौ माता के भोजन की व्यवस्था जो सोची है वह पहले अधिकारी एसडीएम श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव ने भूसा एकत्रित करने का प्रयास ग्राम मछेरा में किया गया है श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव एवं बनखेड़ी तहसीलदार श्रीमती अलका इक्का द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बताया गया कि किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि गेहूं किसान अपना काटते हैं और आग लगा देते हैं जिससे भविष्य में गौ माता को भोजन से त्रस्त होना पड़ता है उक्त स्थिति को देखते हुए अनीशा श्रीवास्तव एवं अलका इक्का द्वारा ग्राम मछेरा मैं क्षेत्र के समस्त किसान भाइयों की बैठक बुलाकर सभी की सहमति से जन सहयोग से भूसा को इकट्ठा करने का उचित व्यवस्था श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव एवं तहसीलदार बनखेड़ी हल्का पटवारी ग्राम कोटवार ग्राम पटेल किसानों की उपस्थिति में अपील करते हुए कहा कि नरवाई में आग किसान ना लगाएं मशीन से भूसा बनाकर एकत्रित एक हाल में किया जाए क्षेत्र में जिस व्यक्ति को गाय चराने के लिए भूसा चाहिए तो वह अपना जरूरत के अनुसार उक्त खरीदी केंद्र से खरीद सकते हैं और अपने गाय को सुचारू रूप से भोजन की व्यवस्था कर सकते हैं यह कदम सभी किसान भाई सभी जन सहयोग से किया जा रहा है जिससे

क्षेत्र के गाय पालकों को भारी राहत मिलने की संभावना है गाय पालने वाले किसानों को भूसा की चिंता ना करें ।उक्त जनयोग से संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों का सुझाव सभी कृषकों ने स्वीकार किया गया है और लगता है कि उनके प्रयास सफल होने के आसार होना प्रतीत होता है माननीय अनुविभागी अधिकारी राजस्व पिपरिया श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव एवं श्रीमती अलका एक्का हल्का पटवारी एवं ग्राम के समस्त वरिष्ठ किसान एवं सभी ग्राम वासियों के सहयोग भरपूर देखने को मिला है बनखेड़ी क्षेत्र में जिस किसान भाइयों के पास भूसा नहीं बनवा पाए हैं उनके लिए उचित मूल्य पर भूसा खरीदी केंद्र मछेरा से संपर्क कर अपनी गाय के लिए जितना चाहिए उतना ही भूसा मिल सकता है।

युवा टीम ने ऐतिहासिक सगरा तालाब में आयोजित किया स्वच्छता अभियान

पीपुल्स प्रवक्ता, उमरिया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत युवा टीम उमरिया की टोली के द्वारा बिरसिंहपुर पाली का ऐतिहासिक सगरा तालाब में स्वच्छता अभियान आयोजित कर सगरा तालाब से पॉलीथिन, प्लास्टिक, कांच एवं प्लास्टिक बॉटल्स, मलवा व आदि बाहर कर तालाब को स्वच्छ व सुंदर बनाने का प्रयास किया गया। जल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थों के तालाब से बाहर निकालकर साफ करने के लिए लोगो से आवाहन किया । तालाब के किनारे अत्यधिक मात्रा में पड़ी हुई पॉलीथीन व प्लास्टिक को हटाया गया।। हिमांशु तिवारी ने बताया

कि तालाब के तीनों घाटों में आमजन के द्वारा फूल मालाओं व पूजन सामग्री का विसर्जन किया जाता है। लेकिन जिन पॉलीथीन के बैग में रखकर ये सामग्री लाई जाती है। उन बेग को भी वही किनारे फेंक दिया जाता है। इन घाटों को पॉलीथीन व प्लास्टिक मुक्त व जल का संरक्षण करने का प्रयास किया गया। साथ ही आमजन को प्लास्टिक व पॉलीथीन उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया।उन्होंने ने बताया कि हमारे द्वारा अनावश्यक सामग्री को तालाब या पानी के स्त्रोत में फेंकने से जल तो प्रदूषित होता ही है। साथ ही पानी मे रहने वाले जीव जंतुओं पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अभियान में खुशी सेन, खुशबू बर्मन, लक्ष्मी महोबिया, शिखा बर्मन, शिवांजलि सोनी, मुस्कान महोदिया, वैष्णवी बर्मन, रागिनी बर्मन, बबलू रजक, सागर कोल, दीपू सेन, सौरभ पांडे, महक सोनी ,नेहा सिंह एवम सभी उपस्थित रहे।

श्री रामनवमीं के पवित्र अवसर पर प्राकट्य पर्व 6 अप्रैल को सायं 7 बजे से मंगल भवन परिसर में

पीपुल्स प्रवक्ता, उमरिया।

कलेक्टर ने आयोजन के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश उमरिया 3 अप्रैल। जिले में श्री रामनवमीं के पवित्र अवसर पर प्राकट्य पर्व 6 अप्रैल को सायं 7 बजे से मंगल भवन परिसर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें सांस्कृतिक स्वरूपों में श्रीराम की महिमा दिखेगी।संचालक, संस्कृति डॉ. पूजा शुक्लां ने बताया कि मध्यप्रदेश के छह प्रतिष्ठित स्थलों पर श्रीरामनवमीं के पवित्र अवसर पर प्राकट्य पर्व के आयोजन का उद्देश्य आम जन को सांस्कृतिक स्वरूपों में श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का आस्वादन और भगवान राम के सम्बन्ध में पौराणिक मान्यताओं से परिचित कराना है। जिला मुख्यालय उमरिया स्थित मंगल भवन परिसर में श्री मुनीन्द्र कुमार मिश्रा एवं साथी, शहडोल द्वारा बघेली लोकगायन, इसके बाद सुश्री अर्वांतिका दुबे एवं साथी, खजुराहो द्वारा नृत्य नाटिका राम आरंभ की प्रस्तुति और अंत में श्री गिरीश ठाकुर एवं साथी, सिवनी और सुश्री मुस्कान चौरसिया एवं साथी, बालाघाट द्वारा भक्ति गायन की सभाएं सजेंगी। यह पर्व मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन - अनूपपुर, पन्ना, सतना, निवाड़ी, शहडोल, उमरिया के सहयोग से श्रीरामनवमीं के पवित्र अवसर पर एक दिवसीय प्राकट्य पर्व का आयोजन 6 अप्रैल को मध्य प्रदेश के छह प्रतिष्ठित स्थलों पर एक साथ सायं 7 बजे से किया जाएगा। सभी स्थलों पर सांस्कृतिक स्व रूपों में श्रीराम की महिमा दिखेगी। कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क रहेगा। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने प्राकट्य पर्व के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी एवं उनकी सहायता के लिए अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है । आपने कार्यक्रम के आयोजन की समीक्षा करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।